
गिर गाय के नाम पर बिक रहा था नकली घी, जूनागढ़ में खाद्य विभाग की कार्रवाई



गुजरात के जूनागढ़ में खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिर गाय के नाम पर बेचे जा रहे नकली घी के 300 से अधिक डिब्बे जब्त किए. सोयाबीन तेल और केमिकल एसेंस से बना यह घी 600 रुपये प्रति किलो में बेचा जा रहा था. सैंपल जांच के लिए वडोदरा लैब भेजे गए हैं.

Source: https://www.aajtak.in/india/news/video/food-department-raids-fake-gir-cow-ghee-setup-in-gujarats-junagadh-vdoj-ytvd-2680205-2026-10-26